# FAMILY OF SHIRDI SAI BABA

(Registered Under the Society Registration Act XXI of 1860 & Under Section 12A (A) of the Income Tax Act 1961)

**Vocational Training Center: - E-6, (Ist Floor) Basti Vikas Kendra, Sultan Puri, Delhi-110086**










# वार्षिक रिपोर्ट—2020—21

## फैमिली ऑफ शिरड़ी सांई बाबा


**फैमिली ऑफ शिरड़ी सांई बाबा** संस्था उत्तरी पश्चिमी दिल्ली में जमीनी स्तर पर काम करने वाली स्वैच्छिक संस्था है। **फैमिली ऑफ शिरड़ी सांई बाबा** ने अपने काम की शुरुआत सन् 2000 में वरिष्ठ शिक्षावद एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर दिल्ली के सुल्तानपूरी इलाके में की। **फैमिली ऑफ शिरड़ी सांई बाबा** आरम्भ से ही स्लम और शहरी विकलांग, युवाओं, बच्चो व महिलाओ, मजदूर एवं समुदाय के वंचित वर्ग को विस्तृत कार्यक्रमों के माध्यम से सशक्त बनाने के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, कौशल  विकास के मुद्दों पर अपना कार्य कर रही है।

**विजनः—**

**फैमिली ऑफ शिरड़ी सांई बाबा** एक ऐसे समाज की कल्पना करती है, जहॉ लोग स्वस्थ, सुरक्षित और खुशियों से भरी भेद भाव मुक्त जिंदगी जिए।.

**मिशन :—**

**फैमिली ऑफ शिरड़ी सांई बाबा** सुल्तानपूरी के युवाओं को सूचना, संबलन व उचित अवसर उपलब्ध कराने और उन्हें सशक्त बनाने के लिए प्रयासरत है ताकि समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सके।



चलिए सुबह का पहला काम ये करें कि इस दिन के लिए संकल्प करें कि मैं दुनिया में किसी से डरूंगा। नही मैं केवल भगवान से डरूं मैं किसी के प्रति बुरा भाव ना रखूं मैं किसी के अन्याय के समक्ष झुकूं नही मैं असत्य को सत्य से जीतु और असत्य का विरोध करते हुए मैं सभी कष्टों का सह सकूँ।

<u>ये शब्द गाँधी जी के सर्वश्रेष्ठ विचार से लिया गया है.</u>

**अध्यक्षा :–**

नमस्ते............



संस्था की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए गौरवान्वित हूँ। ये वर्ष अपनी सीख को बाँटने और उसका विस्तार करने वाला वर्ष रहा। विगत वर्षों में **फैमिली ऑफ शिरड़ी सांई बाबा** ने युवाओ, महिलाओं और दिव्यांगजन बच्चो के मुद्धो पर काम करते हुए जो भी समझ विकसित की है, उन्हें आगे ले जाना और अपने साथियों के काम के साथ जोड़ते हए उसका विस्तार करना इस वर्ष की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि रही। कौशल विकास प्रशिक्षण, स्वास्थ्य और शिक्षा का मुद्दा **फैमिली ऑफ शिरड़ी सांई बाबा** का मुख्य तोर पर विषय रहा है। हमें गर्व होता है– जब अनेक साथी संस्थाए और एजेंसीज अपने काम में इस मुद्दे को शामिल करने के लिए अपनी समझ को बढ़ाना चाहती हैं और इस के लिए वे हमें आमंत्रित करती हैं। गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी हमने **फैमिली ऑफ शिरड़ी सांई बाबा** के अनुभवों को राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय मंच पर भी रखा जहाँ हमें अपने काम को मान्यता दिलाने का अवसर मिला। साल दर साल काम बढ़ने के साथ युवा बच्चों व महिलाओं की संख्या भी बढ़ रही है। जहाँ एक ओर परिवार का विस्तार हो रहा है वहीं दूसरी ओर काम करने के नए तरीके भी आपस में जानने और समझने को मिल रहें हैं। यह सब संभव हो पाया है आप सभी के असीम स्नेह, मार्गदर्शन और सहयोग से। हमें निरंतर काम करते रहने और उसे आगे बढ़ाने के लिए इसकी नियमित आवश्यकता भी है। आशा है ये मिलता रहेगा।

**शुभकामनाओं सहित ,**

**चंचल अग्रवाल**
**अध्यक्षा**

# गवर्निंग बॉडी

**फैमिली ऑफ शिरड़ी साई बाबा** के गवर्निंग बॉडी के सदस्यों के नाम, पता, व्यवसाय और पदनाम, जिसमें ज्ञापन और समाज के नियमों के अनुसार, सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम 1860 की धारा 21 के तहत आवश्यक मामलों के प्रबंधन को सौंपा गया है इस प्रकार हैं:

| SL. NO | NAME | DESIGNATION | ADDRESS | OCCUPATION | TELEPHONE |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **Ms. Chanchal Aggarwal**<br>**Delhi**<br>fssbngo@gmail.com | **President** | **House No. 72, UGF, Pkt. 8, Sec. 21, Rohini, Delhi-110085** | **Pvt. Service** | **8585924140** |
| 2 | **Sh. Manoj Mittal**<br>**Delhi**<br>manojmittal77777@gmail.com | **Vice President** | **D-1/494, Sultan Puri, New Delhi-110086** | **Business** | **9212418446** |
| 3 | **Mr. Narendra Kumar Aggarwal**<br>**Uttar Pradesh**<br>Narendra4unnati@gmail.com | **Vice President** | **322, Gandhi Nagar, Konch, Jalaun, Uttar Pradesh** | **Business** | **9794949292** |
| 4 | **Mr. Hem Prakash**<br>**Delhi**<br>fssbngo@gmail.com | **General Secretary** | **A-4/245-46-47, Sultan Puri, Delhi** | **Social Worker** | **9811462997** |
| 5 | **Mr. Dharmpal**<br>**Delhi**<br>kumar01912@gmail.com | **Secretary** | **I-851, Mangol Puri Delhi** | **Business** | **9211811838** |
| 6 | **Sh. Manoj Kumar**<br>**Delhi**<br>fssbngo@gmail.com | **Treasure** | **C-7/251, Sultan Puri, New Delhi-110083** | **Business** | **9810036518** |
| 7 | **Jitendra Kumar Sah**<br>**Bihar**<br>Jitukumarjitu20@gmail.com | **Executive Member** | **Ram Nihora Sah, Gram Janidih Shankarpur Khawas Bhagalpur Ghodha, Bihar-813205** | **Social Work** | **8271493120** |
| 8 | **Bhagwan Singh Solanki**<br>**Madhya Pradesh**<br>bhagwansolanki127@gmail.com | **Executive Member** | **Kumer Singh, Barwan Khurram, Rajgarh, Madhya Pradesh-465680** | **Social Work** | **9753823127** |
| 9 | **Mr. Gurunathreddy**<br>**Karnataka**<br>**gurunathreddy003@gmail.com** | **Executive Member** | **Chintaki Post, Aurad, Tp. Bidar Distt. Karanataka-585326** | **Pvt. Service** | **900836900** |
| 10 | **Ravi Chauhan**<br>**Haryana**<br>**ravi.75375@gmail.com** | **Executive Member** | **House No. 6374, Sec. 3, Faridabad, Hariyana-121005** | **Social Worker** | **9811878257** |
| 11 | **Mr. Saheb Islam**<br>**West Bangal**<br>Islam.Saheb23@Gmail.com | **Executive Member** | **Mahesh Mati (Near-Bichitra Club) Post & Dist. Malda West Bengal-732101** | **Pvt. Service** | **9733174520** |
| 12 | **Vijay Ram Meena**<br>**Rajasthan**<br>**raipurmeena77@gmail.com** | **Executive Member** | **Ramu Lal Meena, Raipur, Reendli, Reendali, Dausa, Rajasthan-321609** | **Business** | **7891449262** |

# फैमिली ऑफ शिरड़ी सांई बाबा का स्टाफ–2020–21

| Sl. No | Name , Father's Name & Address Ph. No. | Educational Qualification & Technical Qualification | Whether SC/ST/OBC General Disabled | Dated Of Appointment | Designation & Office Order |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Bunty Solanki<br>S/o Ram Prasad<br>R/o E-919, Mangol Puri Delhi | 12th pass Diploma in Computer Application | SC/PwDs | 01-04-2018 | Centre Coordinator |
| 2 | Md. Aashiq Warsi<br>S/o Chand Mohammed<br>R/o P4/643,Sultan Puri, Delhi<br>8130032245 | 12th pass Diploma in Computer Application | OBC | 01-10-2015 | Computer Instructor |
| 3 | Ms. Pinki<br>D/O Sh. Uma Shankar Pandey<br>R/O E-6/107,Sultan Puri, Delhi-86<br>9312055907 | Post Graduate Diploma in Cutting & Tailoring | General | 01-04-2012 | Cutting & Tailoring Instructor |
| 4 | Deepa<br>D/o Mohan Lal<br>R/o Hno. 216,Block H-2/11 Sultan Puri<br>New Delhi-86<br>9818186329 | Post graduated Diploma in Beauty Culture | General | 01-06-2021 | Beauty Culture Instructor |
| 5 | Banarsi Devi<br>W/O Lt. Sh. Mohan Lal<br>R/O M-201, Mangol Puri Delhi-83<br>9958531770 | Ill-literate | SC | 01-04-2012 | Water Women |
| 6 | Seema<br>W/o Lt. Sh. Jai Veer<br>R/o F-1/416, Sultan Puri,<br>Delhi-86<br>9953214807 | 5th Passed | SC | 01-04-2015 | Sweeper |
| 7 | ShovitJha<br>S/o Shri YogenderJha<br>R/o N-113, Prem Nagar-2, Kirari Prem Nagar<br>9315662951 | Graduate | General | 01-07-2021 | Mobilizer |

# संस्था द्वारा वर्ष 2020–21 में किऐ गऐ कार्यो का वार्षिक विवरण




- **निरामय स्वास्थ्य बीमा योजनाः– नैशनल ट्रस्ट, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित निरामया बीमा योजना** पर संस्था ऑटिज्म, सेरेब्रल पाल्सी, मानसिक मंदता एवं एकाधिक मानसिक रूप से कमज़ोर बच्चों को निरामया बिमा करवाती है। निरामय स्वास्थ्य बीमा योजना का उद्देश्य मानसिक मंदता एवं बहु विकलांगता वाले व्यक्तियों को किफायती दामों पर स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराना है। इस योजना में दिव्यांग व्यक्तियों के लिए एक लाख रुपये तक की बीमा सुरक्षा बड़े ही मामूली नामांकन शुल्क में उपलब्ध है। प्रतिवेदन अवधि में नामांकन शुल्क रुपये 15000 से ज्यादा मासिक आमदनी वाले लोगों के लिए 500 रुपये एवं रुपये 15000 से कम आमदनी वाले लोगों के लिए 250 रुपये है। संस्था मानसिक रूप से कमजोर एवं बहुत दिव्यांगता वाले व्यक्तियों को अपलाई कर नैशनल ट्रस्ट की स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ पाते है।

- **मानसिक रूप से कमजोर बच्चों के लिए संस्था का एक प्रयासः–** राष्ट्रीय मानसिक रूप से विकलांग संस्थान (एनआईएमएच) के सहयोग से, फैमिली ऑफ शिरड़ी सांई बाबा के मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों के लिए ऑटिज्म, सेरेब्रल पाल्सी, मानसिक मंदता एवं एकाधिक मानसिक विकलांगता प्रमाण पत्र प्राप्त किए गए ताकि वे स्कूल में प्रवेश, रोजगार, विकलांग पेंशन आदि के लिए कोटा जैसे लाभों का लाभ उठा सकें।

- **नैशनल ट्रस्ट, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित निरामया बीमा योजना** पर संस्था मानसिक रूप से कमज़ोर बच्चों को निरामया बिमा करवाती है। यह योजना ऑटिज्म, सेरेब्रल पाल्सी, मानसिक मंदता और बहु–विकलांगता वाले व्यक्तियों को किफायती स्वास्थ्य बीमा प्रदान करने के लिए है। नामांकित लाभार्थियों को मामूली नामांकन/नवीकरण शुल्क का भुगतान करके रु.1.0 लाख तक का स्वास्थ्य बीमा कवर मिलता हैः–
शुल्क चार्ट : 1 अप्रैल 2016 से लागू निरामया स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत नामांकन और नवीनीकरण के लिए पूर्ण शुल्क चार्ट निम्नानुसार है।

- **<u>नामांकन और नवीनीकरण शुल्क</u>**

| पीडब्ल्यूडी श्रेणी | नामांकन शुल्क (रुपये में) | नवीनीकरण शुल्क (रुपये में) |
|---|---|---|
| गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) | रु. 250/– | रु. 50/– |
| गैर बीपीएल | रु. 500/– | रु. 250/– |
| कानूनी अभिभावक के साथ विकलांग (प्राकृतिक माता–पिता के अलावा) | निः शुल्क | निः शुल्क |



- **मानसिक रूप से कमजोर बच्चों के लिए विकास कार्यः– विकलांग सहारा समिति दिल्ली** मानसिक और कई दिव्यांग लोगों को समग्र देखभाल और सेवाएं प्रदान करती है। वे एक ऐसे समाज के निर्माण की आशा करते हैं जहां शारीरिक और मानसिक रूप से अक्षम लोग आत्मनिर्भर बनें और सम्मान और

सम्मान के साथ जीवन व्यतीत करें। सीबीआर जैसे उनके कार्यक्रम विशेष रूप से अलग–अलग प्रकार की सहायता प्रदान करने के लिए डिजाइन किए गए हैं, जिसमें भाषण के लिए चिकित्सीय हस्तक्षेप, प्रारंभिक विकास के मुद्दों में भाग लेना और गतिविधियों में व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करना शामिल है। उन्हें नौकरी दिलाने में मदद करता है। **फैमिली ऑफ शिरड़ी सांई बाबा** का मानना है कि जीवन की गुणवत्ता को समृद्ध करने और अलग–अलग वयस्कों के लिए सम्मान लाने का सबसे अच्छा तरीका उन्हें जीवन और व्यावसायिक कौशल में प्रशिक्षण देना, समर्थन प्रणाली का निर्माण करना और समुदाय में जागरूकता बढ़ाना है। मानसिक रूप से विकलांगों को कौशल में व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाता है जो उन्हें नौकरी पाने और आत्मनिर्भर बनने में मदद करता है।

➢ **विश्व आटिज्म जागरूकता दिवस मनाया गया :–** फैमिली ऑफ शिरड़ी सांई बाबा एवं नेशनल ट्रस्ट (राष्ट्रीय न्यास, सामजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में आज विश्व आटिज्म जागरूकता दिवस ई–6, बस्ती विकास केन्द्र, सुल्तानपुरी दिल्ली में मनाया गया। यह जागरूकता कार्यक्रम विशेष रूप से मानसिक रूप से निशक्त व्यक्तियों को नैशनल ट्रस्ट की योजनाएँ बताने व उन्हें जागरूक करने हेतु मनाया गया। संस्था की अध्यक्षा **श्रीमति चंचल अग्रवाल जी** ने बताया की उपरोक्त संस्था नैशनल ट्रस्ट के साथ पंजीकृत है। उसी के माध्यम से यह जागरूकता कार्यक्रम विश्व आटिज्म जागरूकता दिवस के रूप में मनाया गया। इस जागरूकता कार्यशाला के माध्यम आऐ हुऐ लोगों को नैशनल ट्रस्ट की योजनाएँ जैसे Legal Guardianship, Nirmaya सामर्थ योजना एवम् अन्य योजनाओं के बारे में भी जानकारिया दी गई और साथ ही साथ लोगों से यह भी आग्रह किया की आप अन्य जानकारियों के लिए ट्रस्ट की वेवसाईड पर जानकारी देख सकते है।

➢ **संस्था ने अपना वर्षगाठ धूम–धाम से मनाईः–** अच्छी पढ़ाई, अच्छी सोच एवं अच्छी संगति के साथ–साथ देशहित की सोच रखने से ही देश एवं समाज का हित संभव है। फैमिली ऑफ शिरड़ी सांई बाबा के वार्षिक उत्सव के अवसर पर दीप प्रज्जवलित कर संस्था की अध्यक्षा श्रीमति चंचल अग्रवाल क्षेत्रिय विधायक श्री बेबी जय राम, केन्द्र प्रबंधक जी ने संयुक्त रूप से शुभारंभ किया। अपने संबोधन में श्रीमति चंचल अग्रवाल ने कहा कि आज की भागमभाग वाली जीवनशैली में अभिभावको को अपने बच्चों की संगत, शिक्षा, सोच एवं व्यवहार के साथ–साथ उनमें देशभक्ति का जज्बा भी बनाए रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि बिना देशहित के शिक्षा एवं अन्य गुण बेमानी है। केन्द्र के प्रबंधक जी ने कहा कि बच्चों को जहां अच्छे संस्कार परिवार से मिलते है वही शिक्षा की शुरूआत भी घर से ही होती है। संस्था के द्वारा दिए जा रहे व्यावसायिक प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले छात्र–छात्राओं को पुरस्कार से सम्मानित किया गया, एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय, को पुरस्कार व प्रमाण पत्र दिऐ गऐ। श्रीमति चंचल अग्रवाल ने कहा कि जीवन में गुरू का होना जरूरी है। बिना गुरू के जीवन जीने की कला नही आ सकती है। उन्होंने कहा कि अभिभावको को बच्चों से न तो अधिक अपेक्षा रखनी चाहिए और न ही उनकी उपेक्षा करनी चाहिए। श्रीमति चंचल अग्रवाल ने कहा कि बच्चों को भगवान राम के बताए आदशों पर चलना चाहिए तभी वे पुरूषोतम बन सकेंगे। वार्षिक समारोह में केन्द्र के बच्चों ने गणेश वंदना एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर अभिभावको एवं आंगतुकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। केन्द्र की मुख्य अध्यापिका पिंकी ने कहा कि जीवन में शिक्षा का बहुत महत्व है। विशेषकर लड़कियों को शिक्षित करने से पूरे परिवार, समाज एवं देश का विकास होगा। केन्द्र की अध्यक्षा श्रीमति चंचल अग्रवाल ने केन्द्र की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए कहा कि केन्द्र में उच्च स्तरीय शिक्षा के




साथ–साथ बच्चों के शारीरिक विकास पर भी विशेष बल दिया जाता है। वार्षिक कार्यक्रम में श्री मनोज गोयल, श्री दयानन्द, श्री हेमप्रकाश, श्री नरेन्द्र अग्रवाल, श्री रिकूं वार्म, नत्थू राम, रीटा अग्रवाल नैशल आवॉडी श्री कपिल कुमार अग्रवाल जी आदि को सम्मानित किया गया।



- **संस्था द्वारा दिया दिव्यांग, बुर्जुग एवं विघावा को सुविधाः–** आज विश्व स्तर पर चल रही है एक तरफ सभी देश एवम् कॉरोना जैसी महामारी से लड़ने में जुटे हुए है एवम् दूसरी ओर इस महामारी के चलते सभी कार्यालय बंद होने के कारण लोगो की आवश्यक सुविधाएं पूर्ण नहीं हो पा रही है। जिस भी भाई व बहन को पेंशन (पुरानी एवं नई) संबंधित समस्या राशन, भोजन संबंधित समस्या का सामना करना पड़ रहा संस्था द्वारा सभी जरूरतमंद भाई या बहन एवम् कोई परिवार जिन्हे परेशानी आ रही है उनके सहायता की गई। ''एक कदम सहायता  आपके द्वार इसी मुहिम के अंतर्गत आप को यदि कोई सहायता चाहिए हो तो इस फॉर्म को भर के हमें भेजे यथा शक्ति आपकी सहायता की जाएगी।



- **विश्व पर्यावरण दिवस–2020 का आयोजनः– फैमिली ऑफ शिरड़ी सांई बाबा** द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस –2020 मनाया गया। इस कठिन समय के दौरान, हम सभी को सुरक्षित, स्वस्थ रहना चाहिए और अब  प्राकृतिक रूप से पारिस्थितिक तंत्र और उनकी जैव विविधता के साथ, जीवित दुनिया के साथ अपने संबंधों को मौलिक रूप से पुनर्विचार करने की आवश्यकता है। ताकि हम विश्व में पर्यावरण को जीवत रख सकें। इसी संदर्भ मे संस्था के ऑटिज्म, सेरेब्रल पाल्सी, मानसिक मंदता एवं एकाधिक मानसिक लोगों एवं बच्चों के साथ विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया।




- **संस्था द्वारा एक छोटा सा प्रयासः–** आप सभी को यह बताना चाहेंगे कि **फैमिली ऑफ शिरड़ी सांई बाबा** द्वारा कॉरोना जैसी महामारी की स्थिति के दौरान जो भी संभव प्रयास किए गए वह दिए गए संवाद पत्र द्वारा सांझा कर रहे हैं। आशा है की आप सभी का सहयोग इसी तरह संस्था को समय समय पर प्राप्त होता रहेगा। और संस्था ज्याद से ज्यादा बुर्जुग एवं आम जनता व विघावा महिलाओं की मदद् करती रहेगी।



- **बुजुग व गरीबों जरूरतमंदों में बांटे राशन व कपड़ेः– फैमिली ऑफ शिरड़ी सांई बाबा** की अध्यक्षा श्रीमति चंचल अग्रवाल जी एवं सहयोग केयर फॉर यू के साथ मिलकर विकलांग व गरीब जरूरतमंद लोगों में राशन व कपड़े वितरित किए। उन्होंने अन्य संगठनों से भी कहा कि गरीब व जरूरतमंद लोगों के लिए आगे आने की अपील की। संस्था के कार्यकारणी के सदस्यों ने कॉलोनी में पहुंच कर अध्यक्ष जी के साथ यहां गरीब व जरूरतमंद लोगों में राशन व कपड़े

बाटी। अध्यक्षा ने संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि पूरे भारत में भी इस समय कोविड़ का प्रकोप जारी है। ऐसे में गरीब व जरूरतमंद लोगों के लिए मुश्किल हो रही है। संस्था ने 100 सूखा राशन व कपड़े लाकर इन लोगों में बांटने की प्रक्रिया शुरू की। वहीं अध्यक्षा जी ने कहा कि संस्था मानवता की सेवा में कार्यरत है। समाज के पिछड़े व गरीब तपके के लिए काम जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि संस्था ने राशन व कपड़ों को बांटने का लक्ष्य निर्धारित किया है। संस्था इसी तरह जरूरतमंद लोगों के राशन व कपड़े बांटे जाएगे। उन्होंने कहा कि संस्था विकलांग व गरीब बच्चों के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्र भी चला रहा है जिसमें कम्प्यूटर, सिलाई, ब्यूटी इत्यादि का कोर्स दिए जाते हैं।



- **संस्था द्वारा कोविड़ मरिज, विघावा, बुर्जुग दिव्यांगजनो को किया राशन का वितरण :– फैमिली ऑफ शिरड़ी सांई बाबा** के माध्यम से पिछले कई दिनो से उत्तरी पश्चिमी जिलों में कोविड़ मरिजों, विधावा, बुर्जुग, दिव्यांगजनों को राशन उपलब्ध करवाया जा रहा है। इस दौरान **फैमिली ऑफ शिरड़ी सांई बाबा** ने कोविड़ मरिजों, विधावा, बुर्जुग, दिव्यांगजनों ऑटिज्म, सेरेब्रल पाल्सी, मानसिक मंदता एवं एकाधिक को राशन, आदि देकर उनकी जरूरतें पूरी करने की एक छोटी सी कौशिश की। इस महामारी के बावजूद भी **फैमिली ऑफ शिरड़ी सांई बाबा** के सदस्यों ने अपनी परवाह न करते हुए गरीब एवं मजबूर दिव्यांग व गैर दिव्यांग लोगों की मदद् करके समाज में एक मिसाल कायम की। लॉकडाउन के कारण सोशल डिस्टेंसिंग (Social Distancing) और सैनिटाइजेशन का पालन करते हुए जरूरतमंदों का सहयोग किया जा रहा है। संस्था के सदस्य प्रत्येक जिले में जरूरतमंदों के लिए राशन सामग्री भेजवाई जा रही है। जरूरतमंदों को राशन किट उपलब्ध कराई गई. राशन किट में 15 किलो आटा, 1 लीटर तेल, 1 किलो चावल, 2 किलो दाल, 100 –100 ग्राम हल्दी, मिर्च एवं धनिया पाउडर एक नहाने का साबुन, कोलगेट, काढा, नमक दिया गया। उन्होनें बताया संस्था द्वारा करीब दिव्यांग व गैर दिव्यांग लोगों तक राशन, एवं दिव्यांग, विधवा, बुर्जुर्ग राशन की समस्या में मदद, मास्क, सेनिटाईजर भी पहुॅचाया जा चुका है। संस्था के अध्यक्ष श्री राम नारायण अग्रवाल ने बताया कि संस्था दिव्यांग व गैर दिव्यांग व्यक्ति भूखा न सोये, इसी के तहत सभी एक छोटी सी मदद् पहुॅचाई जा रही है।



- **सेंटर में मनाई दीपावली:–** सेंटर में शुक्रवार को धूमधाम से दीपावली का त्योहार मनाया गया। बच्चों ने रंगोलियां बनाईं इस अवसर पर सेंटर के विद्यार्थियों ने मोमबत्तियों के दीपक बनाए। इस मौके पर संस्था की अध्यक्षा और सेंटर की कोआर्डिनेट मौजूद रहे। सेंटर में दीपावली पर्व धूमधाम से मनाया गया। संस्था की अध्यक्षा ने बच्चों को त्योहार मनाए जाने की जानकारी दी। बच्चों ने केन्द्र सजाने और मौज मस्ती करने में खूब लुत्फ लिया। संस्था की अध्यक्षा ने कहा की यह दीवाली प्रत्येक व्यक्ति को कोविड के खिलाफ लड़ने की शक्ति प्रदान करें।



- **फैमिली ऑफ शिरड़ी सांई बाबा द्वारा दिव्यांग व साधारण बच्चों ने मनाया नववर्ष का उत्सवः–_फैमिली ऑफ शिरड़ी सांई** के दिव्यांग ऑटिज्म, सेरेब्रल पाल्सी, मानसिक मंदता एवं एकाधिक व साधारण **बच्चों ने** नववर्ष का उत्सव बड़ी धूम–धाम से मनाया इस मौके पर संस्था ने दिव्यांग व साधारण बच्चों के लिए डीजे. व खानों का स्टाल लगया गया। संस्था के बच्चों ने सांस्कृति कार्यक्रम का आयोजन करके लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में संयुक्त रूप से **अध्यक्षा श्रीमति चंचल अग्रवाल, केन्द्र की अध्यापकगढ़ व** अन्य गणमान्य लोग उपस्थिति थे । सभी ने संयुक्त रूप से **नववर्ष का उत्सव साथ मिलकर** मनाया। कार्यक्रम में संस्था के लोगों ने भी अपना बहुमूल्य समय देकर बच्चों का मनोबल बड़ाया। कार्यक्रम में संस्था के द्वारा दिए जा रहे व्यवसायिक प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले छात्र–छात्राओं ने अपना पुरा सहयोग दिया। संस्था की अध्यक्षा श्रीमति चंचल अग्रवाल ने यह जानकारी दी संस्था गरीब युवा व महिलाओं के उत्थन के लिए काम कर रही है जिसमें अनेकों लोगो को फायदा पहुचाया है एवम् संस्था द्वारा व्यावसायकि प्रशिक्षण, आदि जैसे कार्यक्रमों को लोगों के बीच पहुचाने के लिए धन्यवाद दिया।

- कोविड–19 की महामारी को देखते हुए और लोगों को परेशानियों को समझते हुए संस्था ने तय किया कि गरीब झुग्गीयों मे जा कर भोजन का वितरण किया जाए और इस कार्यक्रम को चलाने के लिए संस्था की अध्यक्षा एवं संस्था के महासचिव जी झुगी बस्तियों में जा कर लोगों को भोजन का वितरण किया। संस्था के सदस्यों ने स्लम बस्ती में जाकर लोगों को सफाई, मास्क, उचित दुरी बनाए रखने के संदर्भ में जानकारी दी और लोगों से प्रर्थाना की कि इस महामारी में सरकार द्वारा बताए गए निगयमों का पालन करें और अपने परिवार और खूद को सुरक्षत रखें।

